>

**Title:**Announcement regarding Government Business during the week commencing from 15th March, 1999.

MR. SPEAKER: Minister of Parliamentary Affairs, Shri Kumaramangalam, may make a statement.

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुख्तार नक्वी): महोदय, आपकी अनुमति से मैं श्री पी.आर. कुमारमंगलम की ओर से यह सूचित करता हूं कि १५ मार्च, १९९९ से प्रारम्भ होने वाले सप्ताह के दौरान इस सदन में निम्नलिखित सरकारी कार्य लिया जायेगाः-

१. राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का उत्तर।

... (Interruptions)

SHRI NADENDLA BHASKARA RAO (KHAMMAM): Sir, when the Minister is present, he should not hand it over to him. If he is not there, it is all right. This amounts to disrespect to the House...(Interruptions)

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI NITISH KUMAR): After all, he also should get a chance... (Interruptions)

THE MINISTER OF POWER, MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES (SHRI P.R. KUMARAMANGALAM): Sir, I was in the other House...(Interruptions)

श्री मुख्तार नक्वी : केन्द्रीय सतर्कता आयोग अध्यादेश, १९९९ का निरनुमोदन चाहने वाले सांविधिक संकल्प पर चर्चा तथा केन्द्रीय सतर्कता आयोग विधेयक, १९९८ पर विचार और पारित करना।

३. वर्ष १९९९-२००० के लिए बजट (सामान्य) पर सामान्य चर्चा।

४. निम्नलिखित पर चर्चा और मतदानः-

(क) वर्ष १९९९-२००० के लिए लेखानुदानों की मांगें (सामान्य)।

(ख) वर्ष १९९८-९९ के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगें (सामान्य)।

५. राज्य सभा द्वारा पारित किए गए रूप में वाणिज्य पोत परिवहन (दूसरा संशोधन) विधेयक, १९९८ पर विचार और पारित करना।

६. वाणिज्य बोर्ड और विकास प्राधिकरण (आयकर से छूट) विधेयक, १९९८ पर विचार और पारित करना।

७. राज्य सभा द्वारा पारित किए गए रूप में निम्नलिखित विधेयकों पर विचार और पारित करनाः-

(क) विवाह विधि (संशोधन) विधेयक, १९९८.

(ख) भारतीय व्यप्कता (संशोधन) विधेयक, १९९८.

(ग) महाप्रशासक (संशोधन) विधेयक, १९९८.

>श्री आदित्यनाथ (गोरखपुर) : अध्यक्ष महोदय, गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक तथा औद्योगिक महानगर है। विश्व का एकमात्र हिन्दू राष्ट्र नेपाल आने-जाने का भी यह प्रमुख मार्ग पड़ता है। यहां देश-विदेश के लाखों पर्यटक प्रतिवर्ष आते हैं। यहां आवागमन के लिए ट्रेन अथवा बस ही एकमात्र साधन है। वर्ष १९९१-९२ तक हवाई यात्रा की सुविधा को अपरिहार्य कारणों से यह लगातार स्थगित चल रही है।

">अतः निवेदन है कि गोरखपुर के महत्व को देखते हुए हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

">

>श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी): अध्यक्ष महोदय, अगले सप्ताह में लोक सभा की कार्यसूची में निम्न प्रस्ताव जोड़े जाएं-

">१. हिन्दुस्तान में विदेशों से जो सस्ती शुल्क मुक्त चीनी आई है उससे

">देश के चीनी उद्योग को बहुत बड़ा धक्का पहुंचा है।

">२. ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती हुई बेरोजगारी पर चर्चा।

">---

">">

">

>डा. लक्ष्मी नारायण पांडेय (मंदसौर): अध्यक्ष महोदय, अगले सप्ताह में लोक सभा की कार्यसूची में निम्न प्रस्ताव जोड़े जाएं-

">१. 'कतिपय खाद्य तेलों के आयात के कारण सोयाबीन,

">सूरजमुखी व मूंगफली के उत्पादन में निरंतर वृद्धि को गहरा आघात

">पहुंचा है। ठीक समर्थन मूल्य न मिलने से उत्पादकों में निराशा है।

">अतः एक समेकित खाद्य तेल नीति निर्धारण की आवश्यकता।'

">२. मध्य प्रदेश के नीमच में बहु-प्रतीक्षित वायु यातायात सुविधा की दृष्टि

">से हवाई अड्डे की सुविधा होते हुए भी कई बार निवेदन करने पर भी वायुयान सुविधा उपलब्ध न होने से व्यापारियों व आम नागरिकों में असंतोष।

">

">

*>श्री के.डी. सुल्तानपुरी (शिमला): अध्यक्ष महोदय, अगले सप्ताह की लोक सभा की कार्यसूची में निम्न प्रस्ताव जोड़े जाएं-

">१. हिमाचल प्रदेश में बन्द पड़े उद्योगों को चालू करने के लिए धन का

">प्रावधान किया जाए।

">२. हिमाचल के युवक-युवतियों को बेकारी भत्ता देने के लिए प्रबंध किया जाए।

">

">

>श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल): अध्यक्ष जी, अगले सप्ताह की लोक सभा की कार्यसूची में निम्न प्रस्ताव जोड़ा जाए:-

">उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल जिलों- इलाहाबाद, कोशाम्बी, फतेहपुर में मुख्य सड़क जी.टी. रोड पर आए दिन दुर्घटनाओं में प्रतिमाह दर्जनों व्यक्ति मरते हैं। माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश पर अतिक्रमण हटाया गया है जिससे जानमाल का भारी नुकसान हुआ है, लेकिन अभी तक सड़क, पटरी और नाली का निर्माण नहीं हो सका है।

">अतः उक्त तीनों जनपदों में बाईपास रोड (रिंग रोड) के अतिरिक्त गंगा एवम् यमुना पर दो पुलों का निर्माण किया जाए ताकि भारी वाहनों का आवागमन शहर के बाहर से सम्भव हो सके।

">

>श्री श्याम बिहारी मिश्र (बिल्हौर) : अध्यक्ष महोदय, अगले सप्ताह की लोक सभा की कार्यसूची में निम्न प्रस्ताव जोड़े जाएं-

">१. उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक एवम् व्यापारिक नगर कानपुर जहां से

">चमड़ा, चप्पल, होजरी, सिले कपड़े, चावल आदि भारी मात्रा में निर्यात

">किया जाता है, को वायुमार्ग से जोड़ा जाए तथा दिल्ली से कानपुर मुम्बई

">एवम् दिल्ली से कानपुर मद्रास की हवाई यात्रा प्रारम्भ करने की

">समस्या पर विचार।

">२. एन.टी.सी. की बंद सूती मिल एवम् टैफको कारखाने का आधुनिकीकरण करा

">कर चालू कराया जाए ताकि लाखों बेरोजगार श्रमिकों को रोजगार

">सुनिश्चित कराने पर विचार।

">----

">… (व्यवधान)

<![endif]>